By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

भोपाल, दिनांक 20 जुलाई 2016

क्रमांक एफ–25–76/2016/10–3 :: भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16, सन् 1927) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद् द्वारा उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबंधो को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा, इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार, जहाँ तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय–समय पर संशोधित/रूपभेदित किये जाये, के अतिरिक्त, किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नही किये जायेगें। यह वनखण्ड N-24° 4'3.12" से N-24° 4'13.64" उत्तर अक्षांश तथा E-80° 37' 17.75" से E-80° 37' 26.97" पूर्व देशांश के बीच स्थित है।

अनुसूची

जिला – कटनी
वनमण्डल – कटनी
तहसील – विजयराघवगढ़
वन परिक्षेत्र – विजयराघवगढ़

अनु. क्रं.	प्रस्तावित वनखण्ड का नाम	वनखण्ड की भूमि का विवरण				वनखण्ड की सीमायें
		ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	
1	2	3	4	5	6	7
1	कोईलिया	कोईलिया	निजी भूमि	1/2 36/2 37 38/2 39/2	3.41 0.27 0.51 0.51 0.05	उत्तरः– प्रस्तावित संरक्षित वन खण्ड के मुनारा क्रमांक 01 से 02 तक की कृत्रिम वन सीमा। पूर्वः– प्रस्तावित संरक्षित वन खण्ड के मुनारा क्रमांक 02 से 09 तक की कृत्रिम वन सीमा। दक्षिणः– प्रस्तावित संरक्षित वन खण्ड के मुनारा क्रमांक 09 से 10 तक की कृत्रिम वन सीमा। पश्चिमः– प्रस्तावित संरक्षित वन खण्ड के मुनारा क्रमांक 10 से 12 तक एवं मुनारा क्रमांक 12 से 01 तक की कृत्रिम वन सीमा।
	योग				4.75	

(क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार :–

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के आदेश क्रमांक 6-MPB 044/2004-BHO/3297 दिनांक 11.06.2007 में अधिरोपित शर्त के अनुसार ए.सी.सी. सीमेन्ट कम्पनी लिमिटेड, कैमोर जिला कटनी के स्वीकृत परियोजना कटनी सा0 वनमण्डल के अन्तर्गत विजयराघवगढ़ परिक्षेत्र

के वृक्ष क्रमांक पी0 600 एवं 601 की 4.75 हेक्टेयर वन भूमि चूना पत्थर के परिवहन हेतु क्लोज वेल्ट कनवेइंग सिस्टम स्थापित करने में प्रभावित 4.75 हेक्टेयर वनभूमि के एवज में प्राप्त 4.75 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 4.75 हेक्टेयरको क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पक्ष में न्यायालय तहसीलदार, विजयराघवगढ़ के आदेश क्रमांक रा.प्र. 35/अ–6/2004–05 दिनांक 30.04.2005 से हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण।

2. **अन्य कारणो का विवरण** – निरंक

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी तहसीलदार विजयराघवगढ़ जिला कटनी के प्रमाण–पत्र के आधार पर अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

(1) **व्यक्तिगत अधिकार** – उक्त भूमि पर कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है।

(2) **सामुदायिक अधिकार** – उक्त भूमि पर कोई सामुदायिक अधिकार नहीं है।

अतः उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अंतर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

भोपाल, दिनांक 20 जुलाई 2016

क्र. एफ–25–76–2016–दस–3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–25–76–2016–दस–3, दिनांक 20 जुलाई 2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

Bhopal, the 20th June 2016

No F-25-76/2016/10-3 :: In exercise of the powers conferred by section 29 of the Indian Forest Act 1927 (XVI of 1927), the State Government are pleased to declare the provisions of chapter IV of the said Act applicable to the forest areas specified in the schedule below; subject to the condition that the existing rights of indivisual or communities in such forest shall not be abridged or affected in any manner except in so far as they may be modified by the State Government from time to time. This Forest Block lies between N-24° 4'3.12" to N-24° 4'13.64" North Latitude and E-80° 37' 17.75" to E-80° 37' 26.97" East Longitude.

SCHEDULE

District - Katni
Forest Division - Katini

Tehsil – Vijayraghavgarh
Forest Range – Vijayraghavgarh

S.N	Name of Proposed Forest Block	Detail fo Land Incluted				
		Name of Village	Present head of land	Khasra No.	Area in hact.	Forest Block Boundaries
1	2	3	4	5	6	7
1	Koiliya	Koiliya	Private Land	1/2 36/2 37 38/2 39/2	3.41 0.27 0.51 0.51 0.05	North– Artificial Forest Boundary of Proposed Protected Forest Block from Pillar No. 01 to 02. East - Artificial Forest Boundary of Proposed Protected Forest Block from Pillar No. 02 to 09. South- Artificial Forest Boundary of Proposed Protected Forest Block from Pillar No. 09 to 10. West - Artificial Forest Boundary of Proposed Protected Forest Block from Pillar No. 10 to 12 & Pillar no. 12 to 1.
Grand Total					4.75	

(A) Reason for publication of Notification :-

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment and forest, Govt. of India's Order No. 6-MPB 044/2004-BHO/3297 dated 11.06.2007 and in lieu of 4.75 hectare of affected forest land under the sanctioned project of Territorial Division Katni, Vijayraghavgarh Range, Compartment no. P-600 & 601 for Establishing closed-belt conveying system for transporting limestone of A.C.C. Cement Company Ltd., Kymore, District Katni, the above mentioned Non Forest Land of 4.75 hectare transferred or muted in favor of M.P. Govt., Forest Department by Order रा.प्र. 35/अ–6/2004–05 dated 30.04.2005 of Tehsildar Vijayraghvgarh Court for the purpose of compensatory afforestation.

2. Details of other Reasons - Nil

(B) The Khasara wise details of recorded rights on the above land as per report Tehsildar Vijayraghavgarh, District Katni Certificate are as under.

(1) **Rights of individuals :-** No Individual Rights on the above land.
(2) **Rights of Communities :-** No Community Rights on the above land..

Therefore the above land is being declared as protected forest under section 29 of Indian Forest Act 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAMESH KUMAR SHRIVASTAVA, Secy.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सीहोर, दिनांक 28 मई 2016

प्र. क्र. 05-अ-82-2014-15.—चूंकि, राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि कोलार सेतु एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची में उल्लेखित है. सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा 19 के अन्तर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची की भूमि में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है:—

अनुसूची
कोलार सेतु एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु
ग्राम—मझली, तहसील नसरूल्लागंज, जिला सीहोर

स. क्र.	कृषक का नाम व पिता/पति का नाम	खसरा क्रमांक	भूमि का कुल रकबा (हेक्टेयर में)			अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे. में)		
			सिंचित	असिंचित	कुल	सिंचित	असिंचित	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	किशोरी पिता ग्यारसा, निवासी ग्राम खडगांव.	139	0.474	0.000	0.474	0.097	0.000	0.097
		167/144	0.146	0.000	0.146	0.052	0.000	0.052
		2 किता	0.620	0.000	0.620	0.149	0.000	0.149

1. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है.

2. कोई भी व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से उक्त अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कलेक्टर (भू-अर्जन), सीहोर की अनुमति के बिना कोई संव्यवहार नहीं करेगा/कराएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा.

3. समुचित सरकार की बेवसाइट www.sehore.nic.in पर भी अपलोड किया गया है.

पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन सारांश—

कोलार सेतु एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु हितबद्ध व्यक्ति की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिससे कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं होने से, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन की आवश्यकता नहीं है. अतः धारा 19 के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन का सारांश निरंक है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुदाम खाड़े, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिन्दवाड़ा, दिनांक 15 जून 2016

रा. प्र. क्र.-09-अ-82-2015-2016-भू-अर्जन-2016.—मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल का आदेश क्रमांक एफ-12-2-2014-सात-शा. 2 ए, भोपाल, दिनांक 12 नवम्बर 2014 द्वारा जारी "आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति" (Consent Land Purchase Policy) के तहत **कुसमेली-कबाडिया** मार्ग निर्माण हेतु निजी भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन के लिये भूमि क्रय किये जाने हेतु **मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग** के पक्ष में क्रय किया जाना प्रस्तावित है. उक्त अनुसूची में दर्शाये गये कृषकों की निजी भूमि से सम्बन्धित कृषकों को **प्रारूप "क"** में सूचना दी जाकर उनसे **प्रारूप "ख"** में सहमति ले ली गई है.

इसके द्वारा यह भी घोषित किया जाता है कि उक्त निजी भूमि की उक्त प्रयोजन में **कुसमेली-कबाडिया मार्ग** निर्माण हेतु निजी भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन—

जिला	तहसील	नगर/ग्राम	क्रय की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के भूमि स्वामी का नाम एवं पता	खसरा नम्बर	क्रय किये जाने वाला प्रस्तावित रकबा (हेक्टेयर में)	योजना जिसके लिये भूमि क्रय की जाना प्रस्तावित है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
छिन्दवाड़ा	छिन्दवाड़ा	कुसमेली, प. ह. नं.-10, ब. न.-69, रा. नि. मं.-छिन्दवाड़ा 2, तहसील छिन्दवाड़ा.	1. लीला पति रामचन्द गोंड निवासी ग्राम-भूमिस्वामी.	24	0.008	कुसमेली कबाडिया मार्ग निर्माण हेतु निजी भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन के लिये.
			2. रत्नेश जैन पिता सुखमल जैन निवासी-छिन्दवाड़ा भूमिस्वामी.	25/43	0.064	
			3. रीता पति राजीव धई निवासी-छिन्दवाड़ा भूमिस्वामी.	44	0.072	
			4. चन्द्रपाल पिता रामसिंह रघुवंशी निवासी-ग्राम भूमिस्वामी.	46/1-2	0.048	
			5. नरेश सिंह पिता बेनीसिंह सरस्वती पिता बेनीसिंह दुलियाबाई विधवा बेनीसिंह रघुवंशी निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	135/2	0.048	
			6. गोविन्द , रोशन, रंजित, जीत सिंह पिता गोकल सिंग रम्मी वि. गोकलसिंह जाति रघुवंशी निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	138/1	0.008	
			7. गोविन्द पिता गोकल सिंग जाति रघुवंशी निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	138/5	0.016	
			8. रोशन पिता गोकल सिंग रघुवंशी निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	138/2	0.006	
			9. जीत सिंह पिता गोकल सिंह निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	138/3	0.010	
			10. रणजीत सिंह पिता गोकल सिंह निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	138/4	0.016	
			11. अनिल, रजनीश पिता उमेदसिंह जाति रघुवंशी निवासी ग्राम भूमिस्वामी.	172/1	0.012	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
			12. सरोज उर्फ जया पति राजीवनयन अग्रवाल निवासी-छिन्दवाड़ा भूमिस्वामी.	172/2	0.008	
			13. मिन्तल पिता जयन्त सिरपुरकर निवासी-छिन्दवाड़ा भूमिस्वामी.	173/2	0.008	
			14. गोविन्दलाल पिता मोतीलाल निवासी-छिन्दवाड़ा भूमिस्वामी.	173/5	0.008	
			15. बाबूलाल पिता जानकी लाल निवासी-ग्राम भूमिस्वामी.	173/1	0.010	
			16. सतीश पिता रघुनाथ सिरपुरकर निवासी-छिन्दवाड़ा भूमिस्वामी	173/3	0.008	
				कुल योग . .	0.350	

(2) उपरोक्त अनुसूची में दर्शाई गई भूमि के संबंध में किसी जनसामान्य को भूमि अथवा भूमि के स्वत्व एवं प्रस्तावित भूमि के भू-भाग पर स्थित परिसम्पत्तियों के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति है तो वह जारी दिनांक के 15 दिवस के भीतर लिखित रूप में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. के. जैन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मंडी निर्वाचन), जिला पन्ना, मध्यप्रदेश

पन्ना, दिनांक 10 जून 2016

क्र. 382-मंडी-निर्वा.-2016.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति, सिमरिया जिला पन्ना के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 मडवा के उपनिर्वाचन 2015 में निम्नानुसार व्यापारी सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये हैं:—

क्रमांक	निर्वाचित सदस्य का नाम	पद जिसके लिये निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	श्री प्रेम सिंह तनय मोतीलाल	कृषक सदस्य	ग्राम धुटेही पो. बधवारकला तहसील रैपुरा जिला पन्ना.

क्र. 383-मंडी-निर्वा.-2016.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति, सिमरिया जिला पन्ना के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड क्रमांक 01 संपूर्ण मण्डी क्षेत्र के उपनिर्वाचन 2015 में निम्नानुसार व्यापारी सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये हैं:—

क्रमांक	निर्वाचित सदस्य का नाम	पद जिसके लिये निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	श्री सुमितकुमार तनय राजेन्द्र कुमार जैन.	व्यापारी सदस्य	ग्राम पो. सिमरिया, तहसील सिमरिया, जिला पन्ना.

क्र. 384-मंडी-निर्वा.-2016.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति, सिमरिया जिला पन्ना के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 सुनवानीकला के उपनिर्वाचन 2015 में निम्नानुसार व्यापारी सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये हैं:—

क्रमांक	निर्वाचित सदस्य का नाम	पद जिसके लिये निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	श्री पुष्पेन्द्र सिंह तनय महेन्द्र सिंह	कृषक सदस्य	ग्राम झिरांटा, पो. सुनवानीकला, तहसील अमानगंज, जिला पन्ना.

शिवनारायण सिंह चौहान, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मंडी निर्वाचन).

कार्यालय, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर, मध्यप्रदेश

नरसिंहपुर, दिनांक 13 जुलाई 2016

क्र. 9478-स.अ.रा.-2016.—मैं, सिबि चक्रवर्ती एम., (आई.ए.एस.) कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर पूर्व में जारी किए गए समस्त कार्य विभाजन आदेश निरस्त करते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से निम्नानुसार कार्य विभाजन करता हूं:—

(1) श्री सिबि चक्रवर्ती एम., जिला कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर

(अ) दांडिक :

1. जिला दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर की समस्त शक्तियों का प्रयोग.
2. सम्पूर्ण जिले के कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के कार्य पर नियंत्रण एवं निरीक्षण.

(ब) राजस्व :

1. म. प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 के अन्तर्गत धारा 107 को छोड़कर शेष मूल प्रकरणों का निपटारा.
2. म. प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत अपीलों का निपटारा.
3. अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 37 एवं उसके अंतर्गत बने नियंत्रण निर्देशों के अंतर्गत समस्त मूल प्रकरणों एवं अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध प्राप्त होने वाले अपील प्रकरणों का निराकरण.
4. राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4/1 अन्तर्गत भूमि हस्तांतरण एवं 4/3 की कंडिका 20/1 के अन्तर्गत अदला बदली प्रकरणों का निपटारा.
5. नजूल प्रकरणों का निपटारा जिसमें कलेक्टर के आदेश आवश्यक हो.
6. विभिन्न अधिनियमों एवं कार्यपालिक निर्देशों के अन्तर्गत अधिकार क्षेत्र के प्रकरणों का आवश्यकतानुसार निपटारा.
7. विभागीय जांच की अपीलों का निराकरण.
8. म. प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अन्तर्गत अपील तथा निगरानी प्रकरणों का निराकरण.
9. आंगनवाडी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं द्वारा प्रस्तुत अपीलों का निराकरण.

(स) विविध :

1. नरसिंहपुर जिले में पदस्थ अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यों का पर्यवेक्षण तथा समन्वय.
2. आबकारी.
3. सामान्य निर्वाचन/लोकसभा/विधान सभा एवं स्थानीय निर्वाचन
4. नजूल
5. खनिज शाखा
6. जिला कोषालय
7. खाद्य शाखा

8. लायसेंस शाखा
9. शहरी विकास अभिकरण
10. पंचायत शाखा, जिसमें कलेक्टर के आदेश की आवश्यकता हो
11. जिला पंजीयक
12. जिला योजना समिति
13. भू-अर्जन नस्तियां अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के परीक्षण के माध्यम से प्रस्तुत होगी
14. प्रस्तुतकार कलेक्टर
15. जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति
16. सांख्य लिपिक
17. भू-अभिलेख शाखा/भू-प्रबंधन
18. किराया निर्धारण प्रमाण-पत्र एम.पी.एफ.सी. भाग-2 नियम 60 (11)
19. वरिष्ठ शाखा के अन्तर्गत म. प्र. राज्य बीमारी एवं जिला राज्य बीमारी सहायता निधि के निर्धारित आवेदन-पत्रों पर हस्ताक्षर बाबत.
20. जिले में पदस्थ अधीनस्थ डिप्टी कलेक्टर्स/तहसीलदार/नायब तहसीलदार के समस्त अवकाश, सामान्य भविष्य निधि के आंशिक विकर्षण/अस्थायी अग्रिम की स्वीकृति.
21. म. प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत निगरानी प्रकरणों का निपटारा
22. आर.बी.सी. चार-1 की कंडिका 18 के तहत प्रस्तुत होने वाले अभ्यावेदनों का निराकरण
23. नजूल अधिकारियों के आदेशों के विरुद्ध प्रस्तुत अपील/निगरानी प्रकरणों का निपटारा
24. मंडी अधिनियम के तहत प्रस्तुत होने वाली अपील तथा निगरानी प्रकरणों का निराकरण
25. सीलिंग प्रकरण तथा सीलिंग के तहत् अधिनियम के तहत् प्रस्तुत होने वाली अपीलों का निराकरण
26. नगरपालिका अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रकरणों का निराकरण
27. जो दायित्व अन्य अधिकारियों को न सौंपे गये हो.

(2) सुश्री प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत (निम्नलिखित विभागों के लिये प्रभारी अधिकारी)

1. कृषि विभाग
2. सहकारिता विभाग
3. जिला महिला एवं बाल विकास विभाग
4. जिला शिक्षा अधिकारी, नरसिंहपुर
5. आदिम जाति कल्याण विभाग
6. उद्यानिकी विभाग
7. पशुपालन विभाग
8. मत्स्य विभाग
9. खाद्य विभाग
10. सर्व शिक्षा अभियान
11. खाद्यी ग्रामोद्योग विभाग/हाथकरघा विभाग
12. आदिम जाति, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं आदिम जाति लघु परियोजना, आदिम जाति व पिछड़ा वर्ग वित्त विभाग निगम के प्रभारी अधिकारी के ओर से आने वाली नस्तियों का निराकरण (जो कलेक्टर स्तर तक जाने वाली न हो) जिला पंचायत से संबधित विकास गतिविधियां तथा ग्रामीण विकास से संबंधित कार्य.

विविध :

1. शिक्षा मिशन/पढ़ना-बढ़ना/सर्व शिक्षा अभियान.
2. समग्र स्वच्छता अभियान.
3. जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन एवं समीक्षा.
4. 11 सूत्रीय कार्यक्रम/15 सूत्रीय/20 सूत्रीय कार्यक्रम का क्रियान्वयन.

5. परख कार्यक्रम.
6. प्रभारी अधिकारी, विकास शाखा.
7. अल्प संख्यक कल्याण.
8. प्रभारी अधिकारी स्वरोजगार सेल.
9. प्रभारी अधिकारी स्वास्थ्य.
10. जिला उद्योग के कार्यों वित्त विकास निगम के प्रभारी अधिकारी.
11. आदिम जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग एवं आदिम जाति लघु परियोजना व पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के प्रभारी अधिकारी.
12. पल्स पोलिया के नोडल अधिकारी.
13. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये कार्य.

(3) डॉ. जे. पी. दुबे, अपर कलेक्टर एवं अपर दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर

(क) **दांडिक :**

1. अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर.
2. जिला सत्कार अधिकारी, नरसिंहपुर.
3. जिला दण्डाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाये रखना और आगन्तुकों/आवेदकों से मिलना.

(ख) **राजस्व :**

1. म. प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 के अन्तर्गत धारा 107 के प्रकरणों का निपटारा.
2. सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त होने वाली अपीलों का निपटारा.
3. लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अपीलों का निराकरण.
4. विशेष विवाह अधिकारी, जिला नरसिंहपुर.
5. आर.बी.सी. चार-1 की कंडिका 18 के तहत प्रस्तुत होने वाले अभ्यावेदनों का निराकरण.
6. मंडी अधिनियम के तहत प्रस्तुत होने वाली अपील तथा निगरानी प्रकरणों का निराकरण.
7. सीलिंग प्रकरणों तथा सीलिंग के तहत अधिनियम के तहत् प्रस्तुत होने वाली अपीलों का निराकरण.
8. नजूल स्थायी पट्टों पर कलेक्टर के नवीनीकरण आदेश के उपरान्त हस्ताक्षर करना.
9. शासकीय कर्मचारियों के उत्तराधिकारी प्रमाण-पत्र.
10. तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतनवृद्धि स्वीकृति.
11 ब्रिस्क योजना.
12. बैंकों की जानकारी तैयार करना.
13. जिला जनगणना अधिकारी/जनगणना से संबंधित सभी गार्ड फाईलों का संधारण एवं नियमानुसार क्रियान्वयन.
14. ऋण भार मुक्ति प्रमाण पत्र.
15. The reconstruction of Financoal Assets and Enforcement of Security Inerest Ac. 2002 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रकरणों का निराकरण.

(ग) **अन्य :**

(1) राहत
(2) निर्वाचन
(3) अल्प बचत अभिकर्ताओं की अंतिम नियुक्ति का कार्य.
(4) तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि, यात्रा देयक एवं चिकित्सा देयकों का अंतिम निराकरण का कार्य.
(5) तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के संपूर्ण अवकाश का अंतिम रूप से निराकरण किया जाना.
(6) उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के लिये अंतिम रूप से प्रभारी अधिकारी नियुक्त करना.
(7) विभिन्न सिविल एवं दाण्डिक न्यायालयों से प्राप्त होने वाले आदेशों का पालन करना. आय की जानकारी भेजना व अन्य आदेशों का समय-सीमा में पालन प्रतिवेदन भेजना.

(8) वित्त/स्थापना शाखा की नस्तियां (अपर कलेक्टर के माध्यम में प्रस्तुत होगी)
(9) सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन शाखा की नस्तियां अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत की जायेगी.
(10) कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे अन्य कार्य.

वित्तीय कार्य—नियमानुसार अंतिम निराकरण कर सकेंगे.

(1) उप जिलाध्यक्षों एवं तहसीलदारों के यात्रा एवं चिकित्सा (औषधि) देयक

(2) सेवानिवृत्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिवार कल्याण निधि योजना 1974 समूह बीमा योजना 1985 एवं सावधि-सह-बीमा योजना 2003 की जमा राशि का अंतिम भुगतान तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की विभागीय भविष्य निधि का अंतिम भुगतान.

(3) अधीक्षक/सहायक अधीक्षक स्तर/भू अभिलेख एवं खाद्य/महिला बाल विकास शाखा के सामान्य भविष्य निधि यात्रा देयक एवं चिकित्सा/औषधि देयकों की स्वीकृति.

(4) जिला स्तर के कार्यालय सहायक ग्रेड दो, तीन एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के चिकित्सा देयकों का स्वीकृति करना.

(5) शासन नियमों की सीमा तक रुपये 15000/- (अंकन पन्द्रह हजार रुपये) के टेलीफोन/पी.ओ.एल. व्यय स्वीकृत करना.

(6) शासकीय वाहनों की मरम्मत के कार्य में रुपये 15000/- (अंकन पन्द्रह हजार रुपये) तक स्वीकृति करना.

(7) शासकीय वाहनों के टायर ट्यूब एवं बैटरी क्रय करने संबंधी संपूर्ण अधिकार.

(8) कार्यालयीन फर्नीचर मुद्रण एवं लेखन सामग्री के लिये रुपया 5000/- (अंकन पांच हजार रुपये) तक की स्वीकृति के अधिकार.

(9) अनुपयोगी स्टाक जो रुपया 5000/- (अंकन पांच हजार रुपये) तक की कीमत का अपलेखन का अधिकार.

(10) चोरी हुए 2000/- (अंकन दो हजार रुपये) तक की कीमत की सामग्री का अपलेखन का अधिकार.

(11) किराये पर लिये गये फर्नीचर पर होने वाले संपूर्ण व्यय को नियमानुसार स्वीकृति के अधिकार.

उपरोक्त स्वीकृतियां शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों/आदेशों के पालन करते हुए दी जावे.

(घ) वित्तीय संहिता के नियम 100 के अन्तर्गत अपर कलेक्टर को उनके प्रभार वाली शाखाओं में 20000/- तक आवर्ती व्यय की स्वीकृति के अधिकार सौंपे जाते हैं.

1. तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को विभागीय व अन्य परीक्षाओं में बैठने की अनुमति देना.
2. जिला नाजरात की वे नस्तियां जिनमें जिला दण्डाधिकारी का आदेश आवश्यक है, को छोड़कर शेष का निराकरण.
3. विभागीय जांच अधिकारी.
4. सभी शाखाओं से भेजे जाने वाले विधान सभा प्रश्नों के उत्तर भेजना जिनमें कलेक्टर के हस्ताक्षर आवश्यक नही हैं.
5. बैंक वसूली/खनिज वसूली/राजस्व वसूली एवं विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त होने वाली वूसली वारंट तथा अन्य वसूली के प्रकरणों का निराकरण एवं समीक्षा.
6. कार्यालय में प्राप्त डाक कलेक्टर के अवलोकन पश्चात् स्वयं अवलोकन उपरान्त डाक वितरण के प्रभारी.
7. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये कार्यों का निपटारा.

(इ) निम्नलिखित विभागों के लिये प्रभारी अधिकारी

1. खाद्य विभाग, नरसिंहपुर
2. महिला एवं बाल विकास विभाग, नरसिंहपुर.
3. जिला जेल विभाग/बोस्टल जेल विभाग, नरसिंहपुर.

4. वन विभाग, नरसिंहपुर
5. श्रम विभाग, नरसिंहपुर
6. जिला सैनिक कल्याण विभाग, नरसिंहपुर
7. अंत्यावसायी विभाग, नरसिंहपुर
8. लोक सेवा प्रबंधन, नरसिंहपुर
9. परिवहन विभाग, नरसिंहपुर
10. जिला शहरी विकास अभिकरण, नरसिंहपुर
11. नगर सेना
12. पुरातत्व शाखा
13. जाति प्रमाण-पत्र अभियान

(4) सुश्री लता पाठक, डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर

(अ) दांडिक :

1. अनुविभागीय दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर अनुविभाग
2. शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग

(ब) राजस्व :

1. अनुविभागीय अधिकारी, नहसिंहपुर अनुविभाग
2. पंचायत अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग
3. म. प्र. लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 के तहत् पंजीयक लोक न्यास, नरसिंहपुर अनुविभाग.
4. भू-अर्जन अधिकारी, नरसिंहपुर, अनुविभाग नरसिंहपुर एवं करेली एवं सक्षम अधिकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण क्रमांक 26 क एवं ख.
5. म. प्र. कृषि जोत उच्चतम सीमा अधिनियम, 1960 के अंतर्गत नरसिंहपुर एवं करेली तहसील के प्रकरणों का निराकरण.

(स) विविध :

1. निष्क्रांत सम्पत्ति अधिनियम के अंतर्गत अभिरक्षण
2. लोक परिसर बेदखली अधिनियम के अंतर्गत अपने अनुविभाग के तहत् सक्षम अधिकारी
3. जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम, 1975 के अंतर्गत सम्पादित करना
4. भाड़ा नियंत्रण अधिकारी, नरसिंहपुर
5. अपने क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यों पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना
6. जिला चिकित्सालय, नरसिंहपुर के समय-समय पर निरीक्षण/पर्यवेक्षण हेतु नोडल अधिकारी
7. कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निपटारा.

(5) श्री जे. पी. सैयाम, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी, गाडरवारा

(अ) दांडिक :

1. अनुविभागीय दण्डाधिकारी, गाडरवारा अनुविभाग
2. शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग

(ब) राजस्व :

1. अनुविभागीय अधिकारी, गाडरवारा अनुविभाग
2. पंचायत अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग

3. म. प्र. लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 के तहत् पंजीयक लोक न्यास, नरसिंहपुर अनुविभाग.
4. भू-अर्जन अधिकारी, गाडरवारा तहसील
5. म. प्र. कृषि जोत उच्चतम सीमा अधिनियम, 1960 के अंतर्गत गाडरवारा तहसील के प्रकरणों का निराकरण.

(स) विविध :

1. निष्क्रांत सम्पत्ति अधिनियम के अंतर्गत अभिरक्षण
2. लोक परिसर बेदखली अधिनियम के अंतर्गत अपने अनुविभाग के तहत् सक्षम अधिकारी
3. जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम, 1975 के अंतर्गत सम्पादित करना
4. भाड़ा नियंत्रण अधिकारी, गाडरवारा
5. अपने क्षेत्रांतर्गत सभी विकास कार्यों पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना
6. सत्कार अधिकारी, गाडरवारा
7. नजूल शाखा, गाडरवारा
8. कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निपटारा.

(6) श्री राजेन्द्र राय, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी, तेन्दूखेड़ा

(अ) दांडिक :

1. अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तेन्दूखेड़ा अनुविभाग
2. शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग

(ब) राजस्व :

1. अनुविभागीय अधिकारी, तेन्दूखेड़ा अनुविभाग
2. पंचायत अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग
3. म. प्र. लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 के तहत् पंजीयक लोक न्यास, तेन्दूखेड़ा अनुविभाग.
4. भू-अर्जन अधिकारी, तेन्दूखेड़ा तहसील
5. म. प्र. कृषि जोत उच्चतम सीमा अधिनियम, 1960 के अंतर्गत तेन्दूखेड़ा तहसील के प्रकरणों का निराकरण.

(स) विविध :

1. निष्क्रांत सम्पत्ति अधिनियम के अंतर्गत अभिरक्षण
2. लोक परिसर बेदखली अधिनियम के अंतर्गत अपने अनुविभाग के तहत् सक्षम अधिकारी
3. जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम, 1975 के अंतर्गत सम्पादित करना
4. भाड़ा नियंत्रण अधिकारी, तेन्दूखेड़ा
5. अपने क्षेत्रांतर्गत सभी विकास कार्यों पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना
6. सत्कार अधिकारी, तेन्दूखेड़ा
7. नजूल शाखा, तेन्दूखेड़ा
8. प्रभारी अधिकारी, जिला भू-अर्जन अधिकारी एवं एन.टी.पी.सी. के भूमि अर्जन का कार्य
9. कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निपटारा.

(7) श्री डी. एस. तोमर, डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, गोटेगांव

(अ) दांडिक :

1. अनुविभागीय दण्डाधिकारी, गोटेगांव अनुविभाग
2. शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग

(ब) राजस्व :

1. अनुविभागीय अधिकारी, गोटेगांव अनुविभाग
2. पंचायत अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग
3. म. प्र. लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 के तहत् पंजीयक लोक न्यास, गोटेगांव अनुविभाग.
4. भू-अर्जन अधिकारी, गोटेगांव तहसील
5. म. प्र. कृषि जोत उच्चतम सीमा अधिनियम, 1960 के अंतर्गत गोटेगांव तहसील के प्रकरणों का निराकरण.

(स) विविध :

1. निष्क्रांत सम्पत्ति अधिनियम के अंतर्गत अभिरक्षण
2. लोक परिसर बेदखली अधिनियम के अंतर्गत अपने अनुविभाग के तहत् सक्षम अधिकारी
3. जन्म-मृत्यु पंजीयन नियम, 1975 के अंतर्गत सम्पादित करना
4. भाड़ा नियंत्रण अधिकारी, गोटेगांव
5. अपने क्षेत्रांतर्गत सभी विकास कार्यों पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना
6. सत्कार अधिकारी, गोटेगांव
7. नजूल शाखा, गोटेगांव
8. कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निपटारा.

(8) श्री जी. एस. धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी

1. प्रभारी अधिकारी अल्प बचत
2. जल प्रदाय तथा विद्युत् देयकों की स्वीकृति (अपर कलेक्टर के अनुमोदनार्थ पश्चात्) म. प्र. वित्तीय संहिता के नियम 1000 के अंतर्गत 1000/- तक आवर्ती व्यय की स्वीकृति.
3. राहत शाखा
4. राजस्व अंकपाल शाखा 1 एवं 2
5. प्रस्तुतकार अपर कलेक्टर शाखा
6. अधीक्षक/सहायक अधीक्षक (सामान्य/राजस्व) सूचना का अधिकारी के प्रभारी अधिकारी
7. **शस्त्र लायसेंस शाखा :—**
   - दूरभाष विद्युत् देयक एवं अन्य मामलों में रुपये 50000/- (अंकन पाचास हजार रुपये) तक या अधिक तक की वित्तीय स्वीकृति के अधिकार अपर कलेक्टर को दिये जाते हैं.
   - प्रभारी अधिकारियों को अपनी-अपनी शाखाओं के बजट सीमा में रुपये 10000/- (अंकन दस हजार रुपये) तक वित्तीय स्वीकृति के अधिकार दिये जाते हैं.
8. कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निपटारा.

(9) श्रीमती वंदना जाट, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी

1. उप जिला निर्वाचन अधिकारी—सामान्य
2. जिला योजना एवं सांख्यिकी
3. प्रभारी अधिकारी, लोक सेवा गारंटी केन्द्र तथा ई-गवर्नेस
4. महिला एवं बाल विकास विभाग, नरसिंहपुर
5. म. प्र. वित्तीय संहिता के नियम 100 के अंतर्गत 1000/- तक की आवर्ती व्यय की स्वीकृति
6. उत्कृष्ट विद्यालय/केन्द्रीय विद्यालय/नवोदय विद्यालय डाइट की नस्तियां भी परीक्षण उपरांत कलेक्टर को प्रस्तुत की जाये

7. स्टेशनरी/लायब्रेरी/आवक शाखा/जावक शाखा/टाइपिंग शाखा.
8. राजस्व अभिलेखागार/आंग्ल अभिलेखागार शाखा
9. टी.एल. शाखा एवं कलेक्टर मॉनीटरिंग पेपर प्रभारी/विभिन्न आयोगों से प्राप्त आवेदन-पत्रों/माननीय मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, अन्य मंत्रिगणों, विधायकगणों/वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही.
10. प्रधान प्रतिलिपिकार शाखा
11. टी. एल. बैठक/जनसुविधा केन्द्र के प्रभारी अधिकारी
12. विधान सभा प्रश्नों के उत्तर तैयार करना एवं संबंधित उच्च कार्यालयों को प्रेषित किया जाना
13. कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्यों का निपटारा.

(10) श्री अरविंद कुमार झा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी

1. स्थापना एवं वित्त शाखा
2. वरिष्ठ लिपिक शाखा 1 एवं 2
3. मान. मुख्यमंत्री की घोषणाओं की नस्ती
4. कालोनी सेल
5. स्थानीय निर्वाचन (पंचायत नगरीय निकाय मण्डी)
6. नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर/करेली एवं नजूल शाखा के प्रभारी
7. शिकायत शाखा/जनसुनवाई/समस्त प्रकार की शिकायतें/स्टेनों शाखा
8. भू-अभिलेख एवं भू-प्रबंधन शाखा
9. नाजरात साखा
10. खनिज शाखा प्रभारी अधिकारी एवं आहरण/संवितरण अधिकारी
11. सांख्य लिपिक शाखा
12. सिविल शूट शाखा
13. प्रस्तुतकार कलेक्टर शाखा
14. पुरातत्व शाखा.

कार्यालय द्वारा जारी कार्य विभाजन आदेश अनुसार नियुक्त अधिकारियों के तालिका अनुसार लिंक अधिकारी नियुक्त किये जाते हैं:—

लिंक अधिकारी

क्र. (1)	अधिकारी की अनुपस्थिति में (2)	लिंक अधिकारी (3)	लिंक अधिकारी (4)
1	श्री जी. एस. धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.	श्रीमंती वंदना जाट, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.	श्री अरविंद कुमार झा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.
2	श्रीमती वंदना जाट, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.	श्री जी. एस. धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.	श्री अरविंद कुमार झा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.
2	श्री अरविंद कुमार झा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.	श्रीमती वंदना जाट, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.	श्री जी. एस. धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी.

आदेश तत्काल से प्रभावशील होगा.

सिबि चक्रवर्ती एम., कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश

बड़वानी, दिनांक 15 जुलाई 2016

क्र. बंधक श्रम-2016-747.—बंधक श्रम प्रथा (समाप्ति) अधिनियम, 1976 की धारा 13(2) एवं 13(3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, मैं, तेजस्वी एस. नायक, जिला मजिस्ट्रेट, बड़वानी, बंधक श्रमिक जिला स्तरीय सतर्कता समिति बड़वानी/उपखण्ड स्तरीय सतर्कता समिति बड़वानी, राजपुर, सेंधवा एवं पानसेमल का निम्नानुसार पुनर्गठन करता हूं. समिति का कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा:—

जिला स्तरीय सतर्कता समिति

क्र. (1)	धारा (2)	मनोनित सदस्य का नाम (3)	पद (4)
1	धारा 13 (2) क	1. जिला मजिस्ट्रेट बड़वानी	अध्यक्ष
2	धारा 13 (2) ख	**जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्य**	
		1. श्री रीछाभाई पिता ओंकार, निवासी ग्राम मटली, तह. राजपुर, जिला बड़वानी	सदस्य (अ.ज.जा.)
		2. श्री सीताराम पिता बोंदर निवासी ग्राम कामोद, तह. वरला, जिला बड़वानी	सदस्य (अ.ज.जा.)
		3. श्री भगवती प्रसाद शिन्दे निवासी बड़वानी, जिला बड़वानी	सदस्य (अ.जा.)
3	धारा 13 (2) ग	**जिले के सामाजिक कार्यकर्ता**	
		1. श्रीमती पुष्पा गोयल निवासी आनंद नगर, बड़वानी.	सदस्य
		2. श्री जगदीशचन्द्र पिता रामासा गुप्ता निवासी राजपुर, जिला बड़वानी.	सदस्य
4	धारा 13 (2) घ	**राज्य शासन द्वारा नामांकित**	
		1. पुलिस अधीक्षक, जिला बड़वानी	सदस्य
		2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बड़वानी	सदस्य
		3. सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, बड़वानी.	सदस्य
5	धारा 13 (2) ङ	**वित्तीय साख संस्थाओं के सदस्य**	
		1. प्रबंधक, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक बड़वानी, जिला बड़वानी.	सदस्य

अनुभाग स्तरीय सतर्कता समिति, बड़वानी

क्र. (1)	धारा (2)	मनोनित सदस्य का नाम (3)	पद (4)
1	धारा 13 (3) क	1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट बड़वानी	अध्यक्ष
2	धारा 13 (3) ख	**जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्य**	
		1. श्री बलवानसिंह पिता प्रेमसिंह पटेल निवासी सुस्तीखेड़ा, तह. बड़वानी, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)

		2. श्री बरमा सोलंकी निवासी अंजराड़ा, तह. पाटी, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		3. श्री देवेन्द्र शिमले निवासी रैदास मार्ग, बड़वानी.	सदस्य (अ.जा.)
3	धारा 13 (3) ग	**जिले के सामाजिक कार्यकर्ता**	
		1. श्री गजेन्द्रसिंह पिता स्व. उमराव सिंह पटेल निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, बड़वानी	सदस्य
		2. श्रीमती जया पति अरूण शर्मा निवासी लक्ष्मी टॉकिज रोड, बड़वानी	सदस्य
4	धारा 13 (3) घ	**राज्य शासन द्वारा नामांकित**	
		1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़वानी, जिला-बड़वानी	सदस्य
		2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटी, जिला-बड़वानी	सदस्य
		3. तहसीलदार बड़वानी, जिला-बड़वानी	सदस्य
5	धारा 13 (3) ङ	**वित्तीय साख संस्थाओं के सदस्य**	
		1. प्रबंधक, नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक शाखा बड़वानी, जिला-बड़वानी	सदस्य
6.	धारा 13 (3) च	**धारा 10 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी**	
		1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बड़वानी.	

अनुभाग स्तरीय सतर्कता समिति, राजपुर

क्र.	धारा	मनोनित सदस्य का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
1	धारा 13 (3) क	1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट राजपुर	अध्यक्ष
2	धारा 13 (3) ख	**जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्य**	
		1. श्री ऐजीलाल पिता मांगीलाल भिलाला निवासी पिपरी बुजूर्ग, तह. राजपुर, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		2. श्री कैलाश पिता धीरा पटेल निवासी ग्राम साली, तह. राजपुर, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		3. श्री रूपेश पिता रमेश निवासी राजपुर, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.जा.)
3	धारा 13 (3) ग	**जिले के सामाजिक कार्यकर्ता**	
		1. श्री वीरेन्द्र पिता करतारसिंह मण्डलोई निवासी राजपुर, जिला बड़वानी.	सदस्य
		2. श्री सुनील पिता विट्ठल मामा पाटीदार निवासी अंजड, जिला बड़वानी.	सदस्य

4	धारा 13 (3) घ	**राज्य शासन द्वारा नामांकित**	
		1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत राजपुर, जिला-बड़वानी	सदस्य
		2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ठीकरी, जिला-बड़वानी	सदस्य
		3. अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग राजपुर, जिला-बड़वानी	सदस्य
5	धारा 13 (3) ङ	**वित्तीय साख संस्थाओं के सदस्य**	
		1. प्रबंधक, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, राजपुर, जिला बड़वानी.	सदस्य
6.	धारा 13 (3) च	**धारा 10 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी**	
		1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजपुर.	

अनुभाग स्तरीय सतर्कता समिति, सेंधवा

क्र.	धारा	मनोनित सदस्य का नाम	पद
(1)	(2)	(3)	(4)
1	धारा 13 (3) क	1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट सेंधवा	अध्यक्ष
2	धारा 13 (3) ख	**जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्य**	
		1. श्री सीताराम पिता बोंदर निवासी निवासी कामोद ध. तह. वरला, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		2. श्री नहारसिंह पिता गेला निवासी बलखड़, तह. सेंधवा, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		3. श्री आत्माराम पिता नामदेव वाकड़े, निवासी सोलवन, तह. वरला, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.जा.)
3	धारा 13 (3) ग	**जिले के सामाजिक कार्यकर्ता**	
		1. श्री मोहनसिंह सोलंकी निवासी पांजरया, तह. सेंधवा, जिला बड़वानी.	सदस्य
		2. श्री हरि पिता राधेश्याम गर्ग निवासी धनोरा, तह. सेंधवा, जिला बड़वानी.	सदस्य
4	धारा 13 (3) घ	**राज्य शासन द्वारा नामांकित**	
		1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सेंधवा, जिला-बड़वानी	सदस्य
		2. तहसीलदार, सेंधवा, जिला-बड़वानी	सदस्य
		3. तहसीलदार, वरला, जिला-बड़वानी	सदस्य
5	धारा 13 (3) ङ	**वित्तीय साख संस्थाओं के सदस्य**	
		1. प्रबंधक, जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सेंधवा, जिला बड़वानी.	सदस्य

6.	धारा 13 (3) च	**धारा 10 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी** 1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट, सेंधवा, जिला–बड़वानी

अनुभाग स्तरीय सतर्कता समिति, पानसेमल

क्र. (1)	धारा (2)	मनोनित सदस्य का नाम (3)	पद (4)
1	धारा 13 (3) क	1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट पानसेमल	अध्यक्ष
2	धारा 13 (3) ख	**जिले के अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्य**	
		1. श्री सकरिया पिता ठगा, निवासी ग्राम देवधर, तह. पानसेमल, ज़िला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		2. श्री रतनसिंह खेडकर, निवासी नि. ग्राम रायखेड, तह. पानसेमल, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.ज.जा.)
		3. श्री सुनील वागले, निवासी ग्राम मोरतलाई, तह. पानसेमल, जिला बड़वानी.	सदस्य (अ.जा.)
3	धारा 13 (3) ग	**जिले के सामाजिक कार्यकर्ता**	
		1. श्री एस. एस. पावरा पानसेमल, जिला बड़वानी.	सदस्य
		2. श्री गोविन्द पिता वामन चौधरी निवासी खेतिया, जिला बड़वानी.	सदस्य
4	धारा 13 (3) घ	**राज्य शासन द्वारा नामांकित**	
		1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पानसेमल, जिला–बड़वानी	सदस्य
		2. तहसीलदार, पानसेमल, जिला–बड़वानी	सदस्य
		3. तहसीलदार, निवाली, जिला–बड़वानी	सदस्य
5	धारा 13 (3) ङ	**वित्तीय साख संस्थाओं के सदस्य**	
		1. प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. पानसेमल, जिला बड़वानी	सदस्य
6.	धारा 13 (3) च	**धारा 10 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अधिकारी** 1. उपखण्ड मजिस्ट्रेट, पानसेमल.	

तेजस्वी एस. नायक, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश

बालाघाट, दिनांक 15 जुलाई 2016

क्र. 5940–सा.लि.–2016.—प्रस्ताव के अनुसार जिले के भीतर थाना/चौकियों की सीमाओं के निर्धारण का अधिकारी जिला स्तर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा जिला अभियोजन अधिकारी की समिति को प्रत्यायोजित कर कलेक्टर को अधिसूचना जारी करने के लिए पदेन उपसचिव भी घोषित किया गया है.

मध्यप्रदेश शासन, गृह(पुलिस) विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ–2(क)–9–08–बी–3–दो, भोपाल, दिनांक 30 जुलाई 2010 के द्वारा प्रदत्त किये गये अधिकार के तहत मैं,भरत यादव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, बालाघाट एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश

शासन, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973/1974 की धारा-2 खण्ड (एस) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व की अधिसूचनाओं में आंशिक उपांतरण करते हुये "मध्यप्रदेश राजपत्र" में अधिसूचना के प्रकाशित होने की तारीख से :—

(एक) उस पुलिस अनुभाग बैहर, जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में उल्लेखित किया गया है, ऐसे स्थानीय क्षेत्रों को, जो कि उस कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट किये गये हैं अपवर्जित किया जाता है.

(दो) पुलिस थाना गढ़ी, जो कि वर्तमान में जिला बालाघाट के पुलिस अनुभाग परसवाड़ा में सम्मिलित था, जो थाना गढ़ी का क्षेत्र अब पुलिस अनुभाग बैहर की सीमाओं के अन्तर्गत प्रभावशील रहेगा, घोषित करता हूं और यह निर्देश देता हूं कि अब पुलिस अनुभाग बैहर में सारणी के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट किये गये थाना क्षेत्र सम्मिलित होंगे.

सारणी

स. क्र.	उस पुलिस अनुभाग का नाम तहसील व जिला जिसमें से अपवर्जित किया गया है	पुलिस अनुभाग बैहर का क्षेत्र
(1)	(2)	(3)
1.	पुलिस अनुभाग परसवाड़ा, तहसील परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म. प्र.).	थाना क्षेत्र गढ़ी
	-—	थाना क्षेत्र बैहर
	-—	थाना क्षेत्र मलाजखण्ड
	-—	थाना क्षेत्र बिरसा
	-—	थाना क्षेत्र रूपझर.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत यादव, कलेक्टर /जिला दण्डाधिकारी एवं पदेन उपसचिव.

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

76, अरेरा हिल्स, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 जुलाई 2016

क्र. 311/245-10.—मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेश क्रमांक एफ 5-5-2014-उन्तीस-2, भोपाल दिनांक 31 अगस्त 2015 के द्वारा इन्दौर, जिला मुख्यालय पर एक अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम का गठन किया गया है. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 24(बी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इन जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम का नाम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :—

(1) जिला उपभोक्ता फोरम कार्यालय, जो वर्तमान में आजाद नगर पुलिस चौकी के पास, रेसीडेंसी क्लब के सामने संचालित है, वह एतस्मिनपश्चात् जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम क्रमांक 1 इन्दौर के नाम से संबोधित किया जायेगा.

(2) अतिरिक्त जिला उपभोक्ता फोरम कार्यालय, जो ब्लॉक-डी, प्रथम तल, नवलखा काम्पलेक्स, लोहा मण्डी रोड, पेट्रोल पम्प के पास, अग्रसेन प्रतिमा चौराहा इन्दौर में संचालित है, वह जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम क्रमांक 2 इन्दौर के नाम से संबोधित किया जायेगा.

तदनुसार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 24(बी) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम इन्दौर क्र. 1 एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम इन्दौर क्र. 2 के मध्य उपभोक्ता प्रकरणों के संस्थापन हेतु प्रादेशिक

क्षेत्राधिकार का विभाजन दिनांक 1 अगस्त 2016 से निम्नानुसार किया जाता है:—

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम इन्दौर क्र. 1, इन्दौर.	जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम क्र. 1 इन्दौर का अधिकारिता क्षेत्र इन्दौर नगर निगम के भौगोलिक क्षेत्र को छोड़कर इन्दौर जिले में आने वाले भौगोलिक क्षेत्र होगा.
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम इन्दौर क्र. 2, इन्दौर.	जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम क्र. 2 इन्दौर का अधिकारिता क्षेत्र इन्दौर नगर निगम का भौगोलिक क्षेत्र होगा.

माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य आयोग के आदेशानुसार,
अवधेश कुमार श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला आगर-मालवा, मध्यप्रदेश

आगर मालवा, दिनांक 21 जुलाई 2016

क्र. 2016-निर्वा-413.—एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति सुसनेर, जिला आगर-मालवा के वार्ड क्र. 06 के उपनिर्वाचन 2016 में निम्नानुसार कृषक सदस्य प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किये गये हैं, जो निर्वाचित सदस्य की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित किया जाना है :—

क्रमांक	निर्वाचित सदस्य का नाम	पद जिसके लिये निर्वाचित हुए	पता
(1)	(2)	(3)	(4)
01	श्रीमती जोरावर बाई पति नाथूसिंह	कृषक सदस्य	ग्राम नाहरखेड़ा, तहसील सुसनेर जिला आगर-मालवा.

डी. व्ही. सिंह, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी.

कार्यालय, कुलाध्यक्ष, सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सांची, जिला रायसेन

राजभवन, भोपाल, दिनांक 22 जुलाई 2016

क्र. एफ-1-8-2015-रा.स.-यू.ए.1-845.—सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन् विश्वविद्यालय अधिनियम, 2012(क्रमांक 1 सन् 2013) की धारा 13 की उपधारा (1) के प्रावधानांतर्गत एवं विश्वविद्यालय की साधारण परिषद् द्वारा अनुशंसित पैनल में से मैं, राम नरेश यादव, कुलाध्यक्ष, सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सांची, जिला रायसेन (म. प्र.) एतद्द्वारा प्रो. यजनेश्वर शास्त्री, (विजिटिंग प्रोफेसर, गुजरात विद्यापीठ), अहमदाबाद (गुजरात) को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 4 वर्ष की कालावधि या 70 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, के लिए उक्त विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त करता हूं.

2. इनकी सेवा शर्तें एवं निबंधन विश्वविद्यालय के परिनियम क्रमांक 01 के अनुसार शासित होंगी.

राम नरेश यादव, कुलाध्यक्ष.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा), जिला सिवनी, मध्यप्रदेश

सिवनी, दिनांक 25 जुलाई 2016

क्र. 332-भू.अ.शा.-2016-रा.प्र.क्र. 01-अ-82-15-16.—यह अनुबंध पत्र प्रथम पक्ष के रूप में मध्यप्रदेश के राज्यपाल जिनकी ओर से कलेक्टर, जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग कार्य कर रहे हैं, (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् राज्यपाल कहा गया है. जिस अभिव्यक्ति के अंतर्गत जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो उनके पद उत्तरवर्ती और समनुदेशित भी सम्मिलित है) तथा द्वितीय पक्ष के रूप में मेसर्स झाबुआ पावर लिमिटेड, ग्राम बरेला, तह. घंसौर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश जो भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड है (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् कम्पनी कहा गया है) जिस अभिव्यक्ति के अंतर्गत जब तक संदर्भ से अन्यता अपेक्षित न हो उनके विधिक प्रतिनिधि, निष्पादक, पद उत्तरवादी और समनुदेशिति भी सम्मिलित है जिसकी ओर से मुख्त्यार—श्री संजीव मेंदीरत्ता, डायरेक्टर जो मेसर्स झाबुआ पावर लिमिटेड, ग्राम बरेला, तह. घंसौर, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश में कार्य कर रहे हैं, के मध्य आज दिनांक 21 जुलाई 2016 को सम्पादित किया जा रहा है. कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन को (जिसे आगे राज्य शासन कहा है.) मेसर्स झाबुआ पावर लिमिटेड की कोयला परिवहन हेतु रेलवे साईडिंग के निर्माण के कारण प्रभावित होने से ग्राम बिनेकी कला एवं बरेला, तह. घंसौर, जिला सिवनी के अंतर्गत पट्टे (भूमिस्वामी हक की) अनुसूचित जनजाति की भूमि कुल सर्वे संख्या 02 कुल क्षेत्रफल 1.75 हे. भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियां के भू-अर्जन हेतु भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अंतर्गत आवेदन-पत्र माननीय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, राजस्व विभाग, जिला सिवनी के कार्यालय में पेश किया है, जिसका विवरण निम्नानुसार परिशिष्ट-1 पर अंकित किया गया है.

परिशिष्ट-1

अनुसूचित जनजाति की कृषि भूमि एवं उस पर स्थित संरचनाएं/परिसंपत्तियों एफ.आर.एल. के अंतर्गत ग्राम बिनेकीकला :—

अनु. क्र.	ग्राम का नाम	नाम भूमिस्वामी पिता का नाम एवं जाति	भूमि खसरा नं.	कुल रकबा (हे.में)	अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित रकबा	सम्पत्ति का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	बिनेकी कला	लच्छी पिता गोविंदी गोंड	113/2	1.35	1.35	निरंक
2	बरेला	खेतु पिता सीम्मू बैगा	664/2	0.40	0.40	निर्माणाधीन भवन
		योग :	2 खातेदार	1.75	1.75	

2. राज्य शासन के अनुसार आवश्यक एवं निर्धारित प्रक्रिया से जांच कर इस बात की संतुष्टि कर ली है कि उक्त विद्युत की कमी पूर्ति हेतु और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है.

3. कंपनी के भू-अर्जन आवेदन-पत्र के आधार पर राज्य शासन द्वारा दिनांक 24 जनवरी 1996 को सम्पन्न भू-अर्जन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/2504/1820/2011/सात/2 ए, भोपाल, दिनांक 13 जून 2011 के निर्देशानुसार भू-अर्जन की शर्त का इस अनुबंध-पत्र में समावेश किया गया है.

4. कंपनी को प्रस्तावित अनुमति की शर्तें के पालन में कंपनी को राज्यपाल के साथ भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 41 के अंतर्गत विहित प्रावधान अनुसार अनुबंध निष्पादित करना है, कंपनी की ओर से सहमत होकर यह अनुबंध-पत्र निष्पादित किया जाता है.

कम्पनी निम्न प्रकार सहमत होकर घोषणा करती है कि :—

(क) कंपनी राज्य शासन को अथवा राज्य शासन के द्वारा इस हेतु नियुक्त व्यक्ति को ऐसी समस्त राशि का अग्रिम भुगतान करेगी जो भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रावधानों के अंतर्गत अवार्ड की राशि जो उक्त भूमि पर स्वत्वधारी व्यक्तियों को मुआवजे के रूप में भुगतान योग्य होगी.

(ख) कंपनी राज्य शासन को ऐसे सभी प्रभारों (खर्च) का भुगतान भी करेगी जो अधिनियम के अनुसार उक्त भूमि के भू-अर्जन कार्य से युक्तिसंगत संबंधित होगा.

(ग) उपर्युक्त (क) तथा (ख) में वर्णित समस्त भुगतानों के बाद ही राज्यपाल परिशिष्ट-1, में वर्णित अनुसूचित जनजाति की भूमिस्वामी हक की भूमि तथा उस पर स्थित संरचनाएं/परिसंपत्तियां कंपनी को प्रदान करेगा—

(1) झाबुआ पावर लिमिटेड की रेलवे साईडिंग निर्माण से प्रभावित ग्राम-बिनेकी कला एवं बरेला की अनुसूचित जनजाति की भूमिस्वामी हक की भूमि एवं उस पर स्थित संरचनाओं के प्रस्तुत अर्जन प्रस्ताव पर दिनांक 24-1-1996 को सम्पन्न भू-अर्जन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार तह. घंसौर, जिला सिवनी के ग्राम बिनेकी कला एवं बरेला की अनुसूचित जनजाति की भूमिस्वामी हक की भूमि क्षेत्रफल 1.75 हेक्टेयर तथा उस पर स्थित संरचनाओं के संबंध में भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के प्रावधान अंतर्गत निम्न शर्तों पर भू-अर्जन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जावेगी.

1. कंपनी (इस आशय के करारनामे या वचनबद्धता के अनुसार) जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है. उनके परिवार के कम से कम एक सदस्य को पात्रतानुसार नौकरी देने में प्राथमिकता देगी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए पुनर्वास किये जाने की स्थायी योजना को संबंधित प्रोजेक्ट में शामिल किया जावेगा.

2. भू-अर्जन अधिनियम के अंतर्गत भू-अर्जन की जा रही भूमि के मूल्यांकन के आधार पर शत-प्रतिशत राशि के साथ 10 प्रतिशत राशि जमा कराये जाने के संबंधी कार्य संबंधित कलेक्टर्स के द्वारा भू-अर्जन अधिनियम तथा संबंधित विधिक उपबंधों एवं शासनादेशों के अंतर्गत दिये गये प्रावधानों तथा शर्तों के आधार पर किया जावे.

3. संबंधित कंपनी के लिये भू-अर्जन किये जाने संबंधी कार्य संबंधित कलेक्टर्स के द्वारा भू-अर्जन अधिनियम तथा संबंधित विधिक उपबंधों एवं शासनादेशों के अंतर्गत दिये गये प्रावधानों तथा शर्तों के आधार पर किया जावे.

4. संबंधित परियोजना को स्थापित करने के संबंध में संबंधित कंपनी द्वारा म. प्र. पुनर्वास नीति के अंतर्गत पुनर्वास की कार्यवाही की जावेगी.

5. कंपनी के संबंध में करारनामा, वचनबद्धता एवं शर्तें आदि लागू करने के लिए कलेक्टर कार्यवाही करेंगे.

6. भूमि के किसी उपयोग या उस पर किसी निर्माण के पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अनुमोदन एवं अनापत्तियां संबंधित संस्था को जैसे नगर निगम, नगर तथा ग्रामीण निवेश विभाग एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं, कलेक्टर आदि से प्राप्त करना होंगी तथा मास्टर प्लान एवं पर्यावरण संस्था के नियमों आदि का पूर्ण पालन किया जावेगा.

7. अर्जित की गई निजी भूमि का वार्षिक व्यपवर्तन कर कंपनी द्वारा देय होगा.

8. भूमि जिस उपयोग के लिये अर्जन की जा रही है, वही उपयोग कंपनी द्वारा देय होगा.

9. भूमि पर निर्माण कार्य कराते समय सामान्य जनता के निस्तार आदि का ध्यान रखा जावेगा.

10. कंपनी को दी गई भूमि या उसके किसी भाग अथवा उस पर निर्मित किसी भी निर्माण अथवा भवन आदि को बेचने, बंधक रखने, दान देने, पट्टे पर देने या अन्य प्रकार से अंतरित करने का अधिकार नहीं होगा (धारा 44-ए, भू-अर्जन अधिनियम के तहत्).

11. यदि कंपनी को दी गई भूमि/भवन उसके किसी भी भाग को विक्रय करती है तो भूमि अथवा उस पर निर्मित भवन, इमारतें शासन को कब्जे में लेने का अधिकार होगा और कंपनी को किसी प्रकार का मुआवजा देय नहीं होगा.

12. भूमि की केवल सतह का उपयोग किया जावेगा, आवश्यक निर्माण जैसे भवन निर्माण, नीव आदि के अतिरिक्त खुदाई नहीं की जायेगी तथा ऐसी खुदाई में प्राप्त खनिज एवं गौण खनिज पर नियमानुसार रायल्टी का भुगतान करना होगा.

13. शासन की पूर्वानुमति के बिना भूमि के उपयोग के स्वरूप को बदला नहीं होगा.

14. पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त आवश्यक वृक्षारोपण किया जायेगा.

15. कंपनी द्वारा प्रदूषण निवारण हेतु व्यवस्था की जावेगी, इस संबंध में शासन के संबंधित विभाग के आदेशों का पालन करना होगा तथा उनसे एवं प्रदूषण निवारण मंडल से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होंगे कि पर्यावरण, जलस्रोत या वायु में प्रदूषण नहीं किया जावेगा.

16. यदि कभी उक्त भूमि का उपयोग उक्त प्रयोजन के लिये नहीं होता है या बाद में कभी बन्द कर दिया जाता है तो भूमि तथा उस पर निर्मित भवनों, सम्पत्तियों के साथ शासन में निहित हो जावेगी और कंपनी को इस हेतु मुआवजा देय नहीं होगा.

17. भूमि या उसके किसी भी या उस पर बने किसी भवन आदि को उक्त उल्लेखित उपयोग के अलावा न तो किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दिया जावेगा और न ही पट्टे या किराये दिया जावेगा.

18. भूमि जिस प्रयोजन हेतु दी गई हो, उससे भिन्न प्रयोजन हेतु उपयोग किये जाने अनाधिकृत कब्जा मानकर भूमि शासन में निहित कर ली जावेगी.

19. शासन के प्रतिनिधि या कलेक्टर या उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को भूमि के सही उपयोग तथा शर्तों के पालन की दृष्टि से कभी भी भूमि पर निर्मित भवन आदि तथा परिसर के निरीक्षण का अधिकार होगा.

20. स्थानीय आवश्यकता एवं परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक होने पर सार्वजनिक में राज्य शासन या कलेक्टर द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों एवं निर्देशों का पालन किये जाने के लिए कंपनी बाध्य होगी.

(2) भू-अर्जन कार्यवाही से पूर्व यह भी देख लिया जावे कि यदि किसी अधिसूचित क्षेत्र के ग्रामों में भूमिस्वामी हक की भूमि अर्जित की जा रही है तो ग्राम सभा की बैठक नियमानुसार की जाकर एवं ग्राम सभा की सहमति प्राप्त करने के पश्चात् ही यह अनुमति प्रभावशील होगी इसके ही इस परिस्थिति में वैकल्पिक भूमि क्रय कर देने की कार्यवाही की जायेगी.

(3) भू-अर्जन कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व यह भी देख लिया जाये कि प्रस्तावित परियोजना में वन अभ्यारण्य क्षेत्र (सेंच्यूरी) का कोई हिस्सा तो नहीं आ रहा है. यदि ऐसा होता है तो उस हेतु विधि द्वारा स्थापित सक्षम अनुमति ली जाना होगी.

(4) कंपनी से भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 41 के प्रावधानों के अनुसार करारनामा निष्पादित कराया जाये, जिसमें उपरोक्त शर्तों का भी समावेश किया जावे.

(5) भू-अर्जन की प्रक्रिया एवं अन्य कार्यवाहियों बाबत् शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये.

